<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी समिति द्वारा 28 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस पर्व पर विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करने हेतु व्याख्यान के साथ–साथ वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 160 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मुख्य वक्ता डा. एच.एम. अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, भौतिक विज्ञान विभाग, पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं को विज्ञान के प्रति जागरूकता लाये जाने हेतु विज्ञान विषय पर व्याख्यान दिया तथा रमन इफेक्ट का सिद्धान्त व विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि आने वाली चुनौतियों को देखते हुए अभी से समावेशी तकनीकों का प्रयोग एवं लोगों के प्रति जागरूकता पैदा करना अति आवश्यक है। अधिष्ठाता डा. संदीप अरोरा के द्वारा विज्ञान के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए छात्रों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डा. आर.के. श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आज के दिन का महत्व बताते हुए, छात्रों को विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करने की अपेक्षा की गई तथा इस कार्यक्रम के सचांलन हेतु वित्तीय सहयोग के लिए उत्तराखण्ड कांउसिल आफ सांइस एण्ड टेक्नालॉजी, देहरादून का आभार व्यक्त किया गया। विज्ञान एवं मानविकी समिति के स्टाफ काउसंलर, डा. ओम प्रकाश, प्राध्यापक, रसायन विज्ञान विभाग द्वारा बच्चों को अवगत कराया गया कि आने वाली चुनौतियों से समाना करने हेतु विज्ञान ही एक मात्र सहारा है तथा समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अन्त में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।




*अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट करते अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय।*